Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding loss of lives and property due to heavy rainfall in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदया, आपने एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर सम्माननीय सदस्यों का ध्यान आकृष्ट करने का मुझे अवसर दिया है। यह मॉनसून सत्र है और देश में मॉनसून की ऋतु भी है। जैसा कि सम्मानित सदस्य आपको इससे अवगत करा चुके हैं और आपने खुद भी इस विषय के महत्व को समझते हुए कहा कि अगर बाढ़ देश के तमाम राज्यों में आई है तो वह विषय ज्यादा महत्वपूर्ण है। आपने उसी विषय पर मुझे भी बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

आज देश के कई राज्यों जैसे महाराष्ट्र, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा गुजरात में बाढ़ की स्थिति है।

माननीय अध्यक्ष: आप पहले भी इस बात को बोल चुके है। अब दोबारा क्यों बोल रहे हैं?

श्री जगदम्बिका पाल: महोदया, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में भी बारिश- बाढ़ के कारण पिछले दिनों कम से कम 70 लोगों की मृत्यु हो गई है। वहाँ तमाम जन-धन की हानि हुई है और तमाम घर गिर गए हैं। उनके पुनर्वास के लिए आवास दिया जाए। वहाँ जिन लोगों ने बारिश-बाढ़ में अपनी लाइफ खो दी है, उनको इस हेतुक सहायता दी जाए।

इसलिए, मैं केवल एक ही बात कहना चाहता हूँ, चूँकि यह राज्य का विषय है। वहाँ एनडीआरएफ की टीम गई है। दिल्ली में उत्तर प्रदेश तथा बिहार के लोग यमुना के खादर इलाके में रह रहे हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि उनको सहायता दी जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री अजय मिश्रा टेनी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डॉ. कुलमणि सामल,

श्री शरद त्रिपाठी तथा

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।